Need to increase the width of roads constructed under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana-Laid

श्री दर्शन सिंह चौधरी **(**होशंगाबाद**) :** भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की दूरदृष्टि सोच ने संपूर्ण भारत के गांव-गांव को मुख्य मार्ग से जोड़ने का कार्य किया है । प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (PMGSY) ने देश के हर कोने को निरंतर विकास से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को मुख्य धारा में लाने का काम किया । मैं सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत बनने वाली सड़कों की चौड़ाई को 5.50 मीटर तक अनिवार्य रूप से बढ़ाया जाए । साथ ही, इन सड़कों का ग्रामों मे निर्माण नाली सहित किया जाए, ताकि गंदगी और जलभराव की समस्या को रोका जा सके, जिससे स्वच्छता बनी रहे । आम किसानों को मुख्य मार्ग से जोड़ने के लिए खेत सड़क (फार्म रोड) अनिवार्य रूप से बनाई जाए, जिससे किसान अपनी उपज को आसानी से बाजार तक पहुंचाकर अपनी आजीविका को और बेहतर कर सके । इस पहल से न केवल ग्रामीण बुनियादी ढांचे में सुधार होगा, बल्कि किसानों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूत किया जा सकेगा । अतः सरकार से अनुरोध है कि इस विषय पर आवश्यक निर्णय लेकर ग्रामीण सड़कों के समुचित विकास की दिशा में सार्थक प्रयास किए जाएं ।